आक्रोश | श्मशान मार्ग पर कब्जे से बढ़ा विवाद, ग्रामीणों में आक्रोश

# सीमांकन के बाद भी कार्यवाही नहीं होने से ग्रामीणों ने बंद किया निजी रास्ता



**नवभारत,जबलपुर।** जिले की पाटन तहसील के अंतर्गत आने वाली गुरु पिपरिया ग्राम पंचायत में श्मशान भूमि और वहां तक जाने वाले रास्ते को लेकर पिछले दो महीनों से विवाद गहराता जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन द्वारा सीमांकन किए जाने के बाद भी कब्जाधारियों के खिलाफ अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इसको लेकर ग्रामीणों ने तहसीलदार और एसडीएम के खिलाफ जनसुनवाई में शिकायत भी दर्ज कराई है। विवाद बढ़ने के बाद गांव के कुछ लोगों ने, जो वर्षों से श्मशान जाने के लिए अपनी निजी जमीन का हिस्सा रास्ते के रूप में खुला छोड़ते आए थे, आक्रोश में आकर उस रास्ते को भी बंद कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि जब श्मशान की सरकारी भूमि से कब्जा नहीं हटाया जा रहा है तो वे अपनी निजी जमीन क्यों दें।

### शिकायत के बाद हुआ था सीमांकन

ग्रामीणों के अनुसार मामले की शिकायत पहले कलेक्टर की जनसुनवाई में की गई थी। इसके बाद 10 फरवरी को प्रशासनिक टीम ने श्मशान भूमि का सीमांकन कराया था। सीमांकन के दौरान श्मशान तक जाने के लिए सरकारी भूमि को चिन्हित किया गया था, लेकिन करीब एक महीने बीत जाने के बावजूद वहां से कब्जा नहीं हटाया गया।

### कई बार तहसील कार्यालय के लगाए चक्कर

ग्रामीणों का कहना है कि वे कई बार तहसील कार्यालय के चक्कर लगा चुके हैं, लेकिन उन्हें केवल आश्वासन ही मिला। इसी बीच गांव के निवासी पहाड़ी नामक व्यक्ति का निधन हो गया। अंतिम संस्कार के लिए श्मशान तक रास्ते की समस्या को लेकर 7-8 ग्रामीण अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) से मिलने पहुंचे। ग्रामीणों का आरोप है कि इस दौरान एसडीएम ने कहा कि गांव में सभी लोग कहीं न कहीं कब्जा किए हुए हैं और आप लोगों ने भी कब्जा किया होगा। इस बयान से ग्रामीणों में नाराजगी फैल गई और उन्होंने इसे बिना प्रमाण लगाया गया आरोप बताया।

### पंचनामा में विवाद करने वालों के नाम भी दर्ज

ग्रामीणों के अनुसार सीमांकन के दौरान तैयार किए गए पंचनामा में विवाद और अभद्र व्यवहार करने वालों के नाम भी दर्ज किए गए हैं। पंचनामा में विश्व रतन, विवेक शर्मा और मूलचंद शर्मा के नाम शामिल बताए जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि ये सभी कृष्णकांत के परिवार से जुड़े हैं, लेकिन अब तक उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई ।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही श्मशान भूमि से कब्जा हटाने और स्थायी रास्ते की व्यवस्था नहीं की गई तो वे दोबारा कलेक्टर के समक्ष यह मामला उठाएंगे।

### इनका कहना है

श्मशान घाट भूमि में अतिक्रमण को लेकर शिकायत पहुंची थी। उस भूमि पर अतिक्रमण तो है, जिसका केस अभी तहसीलदार साहब के यहां चल रहा है।

**मानवेंद्र सिंह**
**एसडीएम पाटन**

## दामाद ने ससुर की उंगली चबाई, पत्नी का गला दबाया

**जबलपुर।** अधारताल थाना क्षेत्र में एक दामाद ने ससुर पर की उंगली चबाई बल्कि पत्नी का गला दबा मारपीट की। पुलिस के मुताबिक अधारताल निवासी दिनेश प्रसाद गुप्ता ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती रात करीब 11:30 बजे दामाद, गोडसन वाढिया, उनकी बेटी वैष्णवी गुप्ता के साथ घरेलू बात को लेकर विवाद कर रहा था। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी गोडसन अपनी पत्नी की पिटाई करने लगा और उसका गला दबाने लगा। जब दिनेश प्रसाद गुप्ता अपनी बेटी को बचाने पहुंचे, तो आरोपी दामाद ने उनके साथ अभद्र व्यवहार शुरू कर दिया आरोपी ने हाथ-घूंसों से अपने ससुर की पिटाई कर दी। ससुर के दाहिने हाथ की बीच वाली उंगली को दांतों से बुरी तरह काट लिया, जिससे उंगली का नाखून और मांस उखड़ गया। मारपीट के बाद आरोपी दामाद ने पूरे परिवार को धमकी दी कि वह उन्हें झूठे केस में फंसा देगा। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## बैठकी से राम नवमी तक गूंजेगी भक्ति

▶ बड़ी खेरमाई आरती समिति करेगी महाआरती का आयोजन



**नवभारत, पनागर।** नगर में धार्मिक आस्था का माहौल एक बार फिर चरम पर रहने वाला है। बड़ी खेरमाई आरती समिति द्वारा आगामी धार्मिक आयोजन के तहत बैठकी से लेकर राम नवमी तक प्रतिदिन भव्य महा आरती का आयोजन किया जाएगा। समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, यह महा आरती प्रतिदिन रात्रि 7:00 बजे आयोजित होगी, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालुजन बड़ी संख्या में शामिल होंगे। आयोजन के दौरान भक्ति, श्रद्धा और उत्साह का विशेष वातावरण बना रहेगा। समिति ने सभी श्रद्धालु भक्तों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ अर्जित करें और आयोजन को सफल बनाएं। आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं और समिति के सदस्य लगातार व्यवस्थाओं में जुटे हुए हैं।इस अवसर पर समिति के प्रमुख सदस्यों में भूरा साहू, राजा प्रजापति, सचिन प्रजापति, अमर साहू, धनराज बंसल, राजेश सोनी, समीर वंशकार, शुभम प्रजापति, महक बंसल, शुभांशु प्रजापति, काजल बर्मन, सिद्धू बर्मन, संगीता ठाकुर, बाबा सोनी, लालू ताम्रकार, मुन्ना ताम्रकार, शिवांशु महाराज, श्रद्धा, प्रतिज्ञा, सोनिया, परी, अमित प्रजापति, अनुज चौरसिया, डुग्गू ढोलक मास्टर, राजेश भुर्जी, बल्लू वंशकार, रानी बर्मन सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहेंगे।समिति ने सभी श्रद्धालुओं से आयोजन में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## नवरात्रि के पहले दिन सरपंच के नेतृत्व में होगी महाआरती






▶ ग्राम पंचायत सुकरी में होंगे धार्मिक आयोजन

**सुकरी,नवभारत।** ग्राम पंचायत सुकरी में नवरात्रि के पहले दिन गुरूवार को सरपंच ब्रजेश कुमार पटैल की ओर से मंदिर में महाआरती का आयोजन रखा गया है उसके बाद 9 दिन तक अलग-अलग व्यक्तियों द्वारा लगातार महा आरती का आयोजन होगा फिर उसके बाद प्रसाद वितरित किया जाएगा। आरती का समय 8:00 से 9:00 बजे तक का रहता है। आरती की समिति के पदाधिकारियों द्वारा भक्तजनों से अपील की गई है कि वे ट्रेन से दूर रहें जिससे कोई दुर्घटना न हो। ऐसा इसलिए क्योंकि रेलवे लाइन के किनारे में मंदिर स्थित है और महाआरती भी यहीं होगी जिसमें प्रतिदिन 1500 लोगों के पहुंचने की संभावना रहती है। ग्राम पंचायत सुकरी के सरपंच ब्रजेश पटैल ने रेलवे प्रशासन से भी मांग की है कि मंदिर के पास बैरिकेड लगाने की व्यवस्था की जाए।

## साहू समाज ने किया मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान

▶ बाबाशाला कटरा मोहल्ला में आयोजन



**नवभारत,सिहोरा।** समाज की आराध्य मां कर्मा देवी की जयंती पर साहू समाज ने आठवीं, दसवीं, बारहवीं में श्रेष्ठ अंक प्राप्त कर समाज का नाम रोशन करने वाले करीब एक दर्जन प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का प्रशस्ति पत्र एवं प्रमाण पत्र भेंटकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम का आयोजन पूर्व विधायक दिलीप दुबे, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष संध्या दुबे के मुख्य आतिथ्य,साहू समाज महिला मंडल की राष्ट्रीय अध्यक्ष आभा साहू,प्रदेश उपाध्यक्ष रानी साहू के विशिष्ट आतिथ्य एवं समाज के अध्यक्ष अमित साहू की अध्यक्षता में किया गया। हनुमान चालीसा का पाठ,मां कर्मा देवी की पूजा के बाद प्रारंभ हुए कार्यक्रम में कार्यकारिणी के सदस्यों में उपाध्यक्ष सचिन साहू,सचिव विजय साहू,अजय साहू,राजेन्द्र साहू,महिला मंडल अध्यक्ष अंशुल साहू,उपाध्यक्ष शिवांगी साहू,सचिव रोशनी साहू आदि ने अतिथियों का स्वागत किया।

### विभिन्न ग्रामों से पहुंचे समाजिक बंधू

कार्यक्रम में सिहोरा,खितौला के साथ नांदघाट, मोहला बरगी,दर्शनी,पोड़ी,पोड़ा,संगोड़ी,मझौली से बड़ी संख्या में समाजिक बंधू उपस्थित थे।इस अवसर पर समाज के संरक्षक अरविंद साहू, सुनील साहू,विजय साहू,साधना साहू,सारिका साहू, प्रीति साहू,आशीष साहू,ज्योति साहू,दीपक साहू, विजयंत साहू,सरपंच स्नेहलता साहू,मनीषा साहू,राखी साहू,कल्पना साहू, राकेश साहू,प्रमोद साहू,विपिन साहू,रिंकू साहू,राजेश साहू,दीपक साहू,वंदना साहू,निशा साहू,राजू साहू,अनूप साहू, शंभू साहू,भारत साहू विजय सहू आदि उपस्थित रहे।

### समाज रत्न मेधावी बच्चों को किया सम्मानित

अपने विद्यालय में उल्लेखनीय सफलता हासिल करने वाले साहू समाज के रत्न बारहवीं से सिमरन साहू 97 प्रतिशत,अमरजीत साहू 87.8 प्रतिशत, दसवीं में विराज साहू 97.6 प्रतिशत,सुयश साहू 88.2 प्रतिशत,वीरेन साहू 87.2 प्रतिशत,शिवा साहू 85 प्रतिशत,खुसबू साहू 81 प्रतिशत, आठवीं में रिचा साहू 90.8 प्रतिशत,सिद्धि साहू 84.5 प्रतिशत,श्रिया साहू 80.5 को प्रशस्ति पत्र एंव प्रमाण पत्र भेंटकर एंव 70 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके वरिष्ठ नागरिकों का अतिथियों ने श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। संचालन करोड़ी लाल साहू ने किया।



## प्रस्फुटन समितियों का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण आयोजित

**नवभारत, जबलपुर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित प्रस्फुटन समितियों के लिए एक दिवसीय क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम सेक्टर-2 मझौली में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम जिला समन्वयक शघनश्याम रायपुरिया एवं ब्लॉक समन्वयक नूपुर खरे के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का संचालन नामांकित संस्था सीधा शरण जी महाराज समाज कल्याण समिति, पॉल द्वारा किया गया।

इस प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रस्फुटन समितियों के सदस्यों की क्षमता में वृद्धि करना तथा ग्राम के समुचित विकास के लिए उनकी भूमिका को सशक्त बनाना था। प्रशिक्षण के दौरान प्रस्फुटन शक्ति संचय के अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी गई तथा ग्राम विकास में समितियों की सक्रिय भागीदारी पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में संस्था के प्रभारी आनंद साहू की विशेष उपस्थिति रही तथा परामर्शदाता के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी सतीश पाठक ने मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर प्रस्फुटन समितियों के सभी सदस्य एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम ने प्रतिभागियों को सामाजिक कार्यों के प्रति जागरूक और प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## अधिवक्ता संघ ने संविधान में संशोधन कर लिए महत्वपूर्ण निर्णय



**नवभारत, जबलपुर ।** जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर के द्वारा संविधान संशोधन हेतु सामान्य सभा की बैठक बुलाई गई जो अधिवक्ता सुधीर नायक की अध्यक्षता में प्रारंभ की गई। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों के मध्य जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर के अध्यक्ष मनीष मिश्रा के द्वारा संशोधित संविधान का वाचन किया गया।

### लिए गए निर्णय

अस्थायी सदस्य: प्रारंभ में दो वर्ष की अवधि के लिये अस्थायी आधार पर सदस्य बनाया जावेगा, दो वर्ष की अवधि के प्रत्येक वर्ष में कम से कम 5 प्रकरणों में न्यायालय के समक्ष उपस्थिति एवं पैरवी किये जाने का प्रमाण प्रस्तुत करने के उपरांत ही नियमित स्थायी सदस्यता प्रदान की जावेगी।

जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर कार्यकारणी समिति में कोषाध्यक्ष पद पर आरक्षित महिला सदस्य, नवीन पद सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी महिला सदस्य जिसे कार्यकारणी द्वारा मनोनित किया जावेगा। उक्त दोनों पर 10 वर्ष की प्रैक्टिस का अनुभव होना आवश्यक होगा ।

जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर में 7 कार्यकारणी सदस्य के लिए चुनाव होते थे जिसे संशोधित करते हुए 9 पुरूष कार्यकारणी सदस्य एवं 3 महिला कार्यकारणी सदस्य कुल 12 कार्यकारणी सदस्य का निर्वाचन की प्रक्रिया की जावेगी। चुनाव प्रक्रिया में उम्मीदवारों को मतदाताओं से मत प्राप्त करने की अपील निवेदन हेतु मात्र न्यायालय परिसर में ही सम्पर्क स्थापित करना होगा, उम्मीदवार सोशल मीडिया के माध्यम से भी अपील निवेदन मतदाताओं से कर सकते हैं अपील निवेदन हेतु अधिकतम् पोस्ट कार्ड साईज के पेम्पलेट कार्ड का प्रचार-प्रसार हेतु उपयोग किया जा सकता है।

प्रारंभिक मतदाता सूची प्रकाशन उपरांत दावा आपत्ति की निर्धारित अवधि के अंदर यदि किसी मतदाता के किसी अन्य व्यवसाय में रत् होने अथवा नॉन प्रेक्टिशनर होने के संबंध में संघ के किसी सदस्य द्वारा आपत्ति प्रस्तुत की जाती है तो संघ के द्वारा उन सदस्यों जिनके नॉन प्रेक्टिशनर होने के संबंध में आपत्ति की गई है, उन्हें 2 वर्ष अथात् वर्तमान चालू वर्ष व उसके पूर्व 1 वर्ष में प्रत्यक वर्ष की 5-5 आदेश पत्रिका जिसमें उनके द्वारा न्यायालय में उपस्थित होकर प्रकरणों में पक्ष रखा हो, प्रस्तुत करना होगी। संघ का कोई भी नियमित स्थायी सदस्य किसी भी पद जिसमे कार्यकारणी सदस्य भी शामिल है, को चुनाव लड़ने की अधिकारिता नहीं होगी यदि उसे किसी भी न्यायालय द्वारा 5 वर्ष या 5 वर्ष से अधिक के दंडादेश से दोषसिद्ध किया गयो हो, जब तक कि वह सदस्य दोषमुक्त नहीं हो जाता है।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर मनीष मिश्रा, ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, मनोज तिवारी, ज्योति राय, मनोज शिवहरे, विनोद विश्वकर्मा, शैलेन्द्र यादव, रवीन्द्र दत्त, अनुभव शर्मा (सीपू), अर्जुन साहू, दुर्गेश मनाना, मनोज तिवारी व जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर के पूर्व अध्यक्ष अशोक गुप्ता, जी.एस. ठाकुर, शिवकुमार दुबे आदि अधिवक्ता मौजूद थे।



## ट्रांसफार्मर लोड बढ़ाकर, बिजली शेड्यूल सुधारा जाए

▶ भारतीय किसान संगठन ने अधिकारियों से भेंट कर समस्याओं से कराया अवगत

**नवभारत,जबलपुर।** भारतीय किसान संगठन ने प्रदेश अध्यक्ष विवेक पटेल के नेतृत्व में रामपुर शक्ति भवन में सी.ई. एस.के. गिरिया एवं एस.ई. शिव वंशी से सौजन्य मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने जिले के किसानों की विभिन्न समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराते हुए ट्रांसफार्मरों का लोड बढ़ाने, जर्जर तार-केबल बदलने, स्थायी कनेक्शन की ऑनलाइन व्यवस्था लागू करने तथा टूटे पोलों के शीघ्र मेंटेनेंस की मांग रखी। किसानों ने फसल पकने के मद्देनजर बिजली सप्लाई का शेड्यूल रात से सुबह 9 बजे तक रखने तथा दोपहर में बंद रखने का सुझाव भी दिया, जिससे आग लगने की घटनाओं से बचाव हो सके। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि अप्रैल माह से कार्य प्रारंभ किए जाएंगे। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष विवेक पटेल, जिला अध्यक्ष रामराज पटेल, जिला उपाध्यक्ष डॉ. संतोष पटेल, पनागर तहसील अध्यक्ष अरविंद पटेल, कोसा अध्यक्ष राजेश पटेल, पाटन तहसील अध्यक्ष नवीन त्रिलोक सिंह पटेल, पनागर ब्लॉक उपाध्यक्ष सोनू पटेल, पाटन तहसील उपाध्यक्ष प्रदीप पटेल, रूपेंद्र पटेल, हरिओम जी सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## वेदांश कुशवाहा ने नवोदय परीक्षा में अर्जित किया प्रथम स्थान

**नवभारत. पनागर/इंद्राना ।** नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में ग्राम इंद्राना के होनहार छात्र वेदांश कुशवाहा ने 92.50 अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया है। उनकी इस उल्लेखनीय सफलता से न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे गांव में हर्ष और गौरव का माहौल है।



वेदांश कुशवाहा, डॉ. अभय कुमार कुशवाहा के सुपुत्र एवं श्री सुशील कुमार कुशवाहा के नाती हैं। उनकी इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया कि कड़ी मेहनत और लगन से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। वेदांश की इस सफलता पर परिजनों, शिक्षकों एवं ग्रामवासियों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। गांव इंद्राना के लिए यह उपलब्धि गर्व का विषय बन गई है।

बजट | नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दुबे ने पेश किया 86 करोड़,8 लाख,42 हजार,400 रुपये का बजट

# 45 लाख से अधिक के लाभ का बजट पारित

**नवभारत,सिहोरा।** नगर पालिका सिहोरा का साधारण सम्मेलन सभाकक्ष में सिहोरा नपाध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे की अध्यक्षता,नगर पालिका उपाध्यक्ष शारदा तिवारी एवं परिषद के सभी सदस्यों, अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित किया गया। सम्मेलन में उपस्थित मुख्य नगरपालिका अधिकारी जयश्री चौहान ने बताया कि अध्यक्ष द्वारा अनुशंसित आय-व्यय का अवलोकन किया गया एवं बजट वर्ष 2026-27 की बैठक में प्रस्तुत बजट अनुमानित 865408500.00 एवं व्यय 860842400.00 के साथ रु. 4566100.00 बचत का तैयार किया गया। विभिन्न मदों से प्राप्त आय के विरूद्ध नगर पालिका के कर्मचारियों के वेतन भत्ते आदि एवं नगर के विकास के विभिन्न निर्माण कार्यों पर व्यय, प्रकाश व्यवस्था / जलप्रदाय व्यवस्था पर व्यय, अंकेक्षण शुल्क की अदायगी का प्रावधान एवं संचित निधि में जमा करने का प्रावधान रखा गया है। इसके अतिरिक्त अन्य आवश्यक कार्य जैसे सफाई व्यवस्था, संक्रामक रोगों की रोकथाम, सामाजिक जनकल्याणकारी कार्य, उपकरणों आदि की मरम्मत एवं रखरखाव कर्मचारियों को दी जाने वाली आवश्यक सुविधाएं एवं कामकाज के संचालन हेतु स्टेशनरी आदि की व्यवस्था सभी आवश्यक कार्यों के निष्पादन हेतु बजट में प्रावधान किया गया। इस प्रकार परिषद ने बिना कोई कर बढ़ाते हुए लाभ का बजट प्रस्तुत किया है। बजट में नागरिकों की मूलभूत सुविधाएं जैसे जलप्रदाय, सफाई व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था के लिए समुचित प्रावधान किया गया है, वहीं नगर के सभी वार्डों में आवश्यकतानुसार सड़कों, नालियों के निर्माण, कार्य कराया जाएगा। अध्यक्ष के द्वारा अनुशंसित बजट बैठक में सर्वसम्मति से ध्वनी मत से पारित किया गया।



### 63 करोड़ से कराये जायेगें विकास कार्य

प्रस्तुत आए हुए पत्र 2026-27 में आईं डी एमटी योजना, विधायक निधि, सांसद निधि, मुख्यमंत्री अधो संरचना सहित अन्य राज्य शासन केंद्र शासन से प्राप्त अनुदान से नगर में 63 करोड़ के विकास कार्य प्रस्तावित किए गए हैं।

### परिषद की बैठक में ये भी रहे मौजूद

बैठक में प्रमोद चौधरी,रीता शुक्ला कल्पना पांडे, ममता गोटिया,ज्योति चक्रवर्ती,बेबी पाल,गौरा देवी विश्वकर्मा,राजेश चौबे,बेटू शर्मा,जवाहर, लीला बर्मन, रमेश पटेल, अंकुश नायक, माधुरी दाहिया, नीलू वाजपेई, देवेन्द्र व्यास,नमन श्रीवास्तव, संतोष सुर्यवंशी, सुशील शर्मा, विवेक सिलावट, संतोष विजय बेगा, मनोज खंपरिया, सुग्रीव श्रीवास आदि उपस्थित थे।

### अंशदान एवं अनुदान आधारित बजट

नगर पालिका परिषद द्वारा प्रस्तुत बजट अंशदान एवं अनुदान पर आधारित है नगर पालिका दर एंव कर से अनुमानित आय- 141553500जलकर हाल एंव वकाया से अनुमानित आय - 53295000,संपत्ति पर करारोपण से अनुमानित आय-36740000, कुल अनुमानित आय 231588500 नगर पालिका की आय से प्राप्त होगी ।जो नगर पालिका द्वारा प्रस्तुत बजट की मात्र 26.75 प्रतिशत राशी है ।मध्य प्रदेश सरकार से प्राप्त अनुदान, 15 वा वित्त आयोग, सीएम शहरी अधोसंरचना विकास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, विधायक निधि, सांसद निधि, कायाकल्प अभियान,सड़क अनुरक्षण सहित केंद्र एवं राज्य सरकार से मिलने वाले 633820000 अनुदान की प्रत्याशा में नगर विकास का लेखा-जोखा तैयार किया गया है।

## ईंट के ढेर में छिपा था तीन फीट लंबा सांप

**जबलपुर।** गढ़ा थानांतर्गत लड़ियां मोहल्ला निवासी झलकन अहिरवार के घर में एक तीन फीट लंबा सांप दोपहर बारह बजे अचानक पेड़ से छलांग लगाकर आंगन में रखीं ईंट के ढेर में जाकर छिप गया जिससे वहां अफरातफरी मच गई सूचना पर पहुंचे सर्प विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे ने रैस्क्यू करते हुए सांप को पकड़कर जंगल में छोड़ दिया। सर्प के पकड़े जाने पर सभी ने राहत की सांस ली।

## शिवलाल मेहरा का निधन

**नवभारत, जबलपुर।** गणेशगंज रांझी निवासी समाजसेवी एवं ऑर्डनेंस फैक्ट्री खमरिया से सेवानिवृत शिवलाल मेहरा



झरिया का 80 वर्ष की आयु में गत दिवस निधन हो गया। वे शिक्षक जेएल झरिया, संजीव झरिया एवं संदीप झरिया के पिताजी थे। अंतिम संस्कार गृहग्राम बरेली उमरिया पान में सम्पन्न हुआ।